**Patrika (Indore), 23rd September 2025, Front Page – plus 03 (Page – 11)**

**सिंहस्थ से पहले तैनाती** देश में 500 साइबर कमांडो तैयार कर रहा केंद्र, मप्र साइबर सेल ने बनाया प्रस्ताव

# अब आइआइटी इंदौर में तैयार होंगे अपने साइबर कमांडो

**प्रमोद मिश्रा**
patrika.com

इंदौर. दुनिया में हर साल 1.5 ट्रिलियन डॉलर की साइबर ठगी हो रही है। भारत 10वें नंबर पर है। 5 साल में अपराध 238% बढ़े हैं। सेंटर फॉर साइबर क्राइम ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर, बेंगलूरु के बनाए साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन मैन्युअल के अनुसार, 2029 तक ठगी 15.63 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी। ऐसे में केंद्र सरकार साइबर कमांडो तैयार कर रही है। राज्य सरकार ने भी टीम तैयार करनी शुरू कर दी है। 2028 तक ऐसे 500 कमांडो तैनात किए जाएंगे। इसके लिए आइआइटी इंदौर में 1-2 माह में कोर्स शुरू किया जा रहा है। सिंहस्थ के दौरान साइबर क्राइम रोकने ये कमांडो तैनात होंगे।

## मध्यप्रदेश को मिले पांच

**हाल** ही में साइबर सेल के वरिष्ठ अफसरों व एसपी की सेंटर फॉर साइबर क्राइम ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर बेंगलूरु में ट्रेनिंग हुई। सरकार तकनीकी पढ़ाई करने वाले एसआइ व वरिष्ठ अफसरों को ट्रेनिंग दिला रही है। ऐसे 5 हजार कमांडो तैयार करने की योजना है। आइआइटी कानपुर, धनबाद, मद्रास, रुड़की में कोर्स शुरू हो गया है। देश में 50 कमांडो तैयार हुए हैं। पांच मध्यप्रदेश को मिले हैं।

### 2 करोड़ में एक बैच

- **प्रस्ताव** के अनुसार आइआइटी इंदौर में कमांडो की ट्रेनिंग होगी।
- **एक बैच** में 50 कमांडो तैयार किए जाएंगे।
- **इस** पर करीब दो करोड़ रुपए खर्च का अनुमान है। अन्य आइटी यूनिवर्सिटी में भी ट्रेनिंग होगी।

## साइबर अपराध: दुनिया में भारत 10वें नंबर पर



1. रूस
2. यूक्रेन
3. चीन
4. यूनाइटेड स्टेट्स
5. नाइजीरिया
6. रोमानिया
7. नॉर्थ कोरिया
8. यूनाइटेड किंगडम
9. ब्राजील
10. भारत

*(स्रोत: साइबर क्राइम इंडेक्स)*

साइबर अपराधों से लड़ने के लिए आइआइटी इंदौर में साइबर कमांडो तैयार किए जाएंगे। सरकार को प्रस्ताव भेजा है। अनुमति मिलते ही ट्रेनिंग शुरू करेंगे। सिंहस्थ के पहले सभी जिलों में साइबर कमांडो तैनात किए जाएंगे।
**- ए. साई मनोहर,** एडीजी, साइबर सेल